झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

25 Oct 2023

Follow us on

SSC | RAILWAY | BANK

JSSC | DEFENCE - ARMY

CAPF | POLICE | Other Competitive Exam



RN Sir
(Physical Trainer)

Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com

Daily Current Affairs Booster

Contact : 8084818282, 9113365645

# Daily Current Affairs

Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 25 अक्टूबर का इतिहास

- **1924 :** भारत में ब्रिटिश अधिकारियों ने सुभाषचंद्र बोस को गिरफ्तार कर 2 साल के लिए जेल भेज दिया।
- **1951 :** भारत में पहले आम चुनाव की शुरूआत हुई।
- **1296 :** संत ज्ञानेश्वर का निधन हुआ।
- **1995 :** तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने संयुक्त राष्ट्र के 50वें वर्षगांठ सत्र को संबोधित किया।
- **1964 :** अवादी कारखाने में पहले स्वदेशी टैंक विजयंत का निर्माण किया गया।

## 25 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- टाटा मोटर्स ने कहा कि वह डिजिटल लॉजिस्टिक सॉल्युशन कंपनी फ्रेट टाइगर में 150 करोड़ रूपये में 26.79 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी। टाटा मोटर्स ने फ्रेट टाइगर में यह हिस्सेदारी खरीदने के लिए सिक्योरिटीज सब्सक्रिप्शन एग्रीमेंट और एक शेयरहोल्डर एग्रीमेंट किया। एसएसए में यह प्रावधान शामिल हैं कि टाटा मोटर्स अगले दो साल में मौजूदा बाजार मूल्य पर अन्य 100 करोड़ रूपये का निवेश भी कर सकेगी।
- केंद्रीय जांच ब्यूरो ने साइबर अपराध माफिया को खत्म करने के लिए एक ठोस प्रयास में ऑपरेशन चक्र-II शुरू किया और देश में 76 स्थानों पर छापे मारे। पहले दिन बड़ी संख्या में उपकरण जब्त किये गये और पांच मामले दर्ज किये गये। चक्र-II पिछले साल के मूल ऑपरेशन चक्र की अगली कड़ी है जिसमें सीबीआई ने उन कॉल सेंटरों को नष्ट कर दिया था जो साइबर अपराध का केंद्र बन गए थे। अंतर्राष्ट्रीय संगठित साइबर अपराध नेटवर्क के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखने के लिए सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र-II शुरू किया।
- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अरब सागर में बनने वाले संभावित चक्रवाती तूफान को लेकर चेतावनी जारी की हैं। इस आसन्न मौसम घटना को चक्रवात तेज नाम दिया जा सकता है, जिसका मुंबई, पुणे और महाराष्ट्र के अन्य क्षेत्रों और कोंकण क्षेत्र पर असर पड़ने की संभावना हैं। आईएमडी का अनुमान है कि वर्तमान में अरब सागर के ऊपर विकसित हो रही निम्न दबाव प्रणाली तीव्र होकर डिप्रेशन में बदल गई।
- यूरोपीय संसद के अध्यक्ष रोबर्टा मेत्सोला ने स्ट्रासबर्ग प्लेनरी चैंबर में 2023 सखारोव पुरस्कार के विजेता की घोषणा की। जीना महसा अमिनी ओर ईरानी महिला जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो मलाला यूसुफजई और नेल्सन मंडेला जैसे उल्लेखनीय पिछले पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की श्रेणी में शामिल हो गए।
- असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने गुवाहाटी में असम के दूसरे सबसे लंबे श्रृद्धांजलि फ्लाई ओवर का उद्घाटन किया। इसका बजट 316 करोड़ रूपये है और यह केवल 60 दिनों में पूरा हुआ।
- अरूणाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के तीन बाघ अभ्यारण्यों में विशेष बाघ सुरक्षा बल के गठन को मंजूरी दी। राज्य के तीन टाइगर रिजर्व नामदाफा, पक्के और कमलांग में विशेष बाघ सुरक्षा बल का गठन किया जाएगा। नामदाफा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व अरूणाचल प्रदेश में चांगलांग जिले में स्थित हैं।
- भारत की पहली क्षेत्रीय रेल रैपिडएक्स का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से किया। पहला चरण 17 किमी लंबा होगा जिसमें कुल पांच स्टेशन होंगे, साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो। ट्रेनें 15 मिनट के अंतराल पर 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। इसमें छह कोच होंगे और लगभग एक हजार 700 यात्रियों को ले जाने की क्षमता होगी।
- आईएमएफ के एक अधिकारी के अनुसार भारत पांच वर्षो में वैश्विक विकास में 18% योगदान देगा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार वैश्विक आर्थिक विकास में भारत की हिस्सेदारी 5 वर्षो में 2 प्रतिशत अंक बढ़ जाएगी। आने वाले वर्षो में भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने का अनुमान हैं। आईएमएफ एशिया और प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्था 2023 में 4.6% और 2024 में 4.2% बढ़ेगी।
- भारतीय मानक ब्यूरो ने हल्के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए भारत के पहले स्वदेशी रूप से विकसित एसी और डीसी संयुक्त चार्जिंग कनेक्टर मानक को मंजूरी दी हैं। यह हल्के इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए दुनिया का पहला संयुक्त एसी और डीसी चार्जिंग कनेक्टर मानक भी हैं। इस मानक को भारत में डिजाइन और विकसित किया गया है, जो एक वैश्विक बेंचमार्क बन सकता हैं। यह मानक एक खुला पास्थितिकी तंत्र बनाने में मदद करेगा, जिससे दुनिया भर में ईवी को तेजी से अपनाया जाएगा।
- कार्तिकेयन कतर मास्टर्स टूर्नामेंट के सातवें दौर में काले रंग से खेलते हुए कार्लसन को हराने में कामयाब रहे। कार्लसन पर मुरली की जीत ने उन्हें हरिकृष्णा और विश्वनाथन आनंद के बाद तीसरा भारतीय बना दिया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में आंध्रप्रदेश सरकार कब से पिछड़ा वर्ग जाति जनगणना शुरू करेगी ?**

(A) 25 अक्टूबर (B) 30 अक्टूबर
(C) 5 नवंबर (D) 15 नवंबर

**(D)** आंध्रप्रदेश सरकार पिछड़ा वर्ग जाति जनगणना के लिए स्वयंसेवक प्रणाली के साथ साथ ग्राम सचिवालय प्रणाली को बड़े पैमाने पर तैनात करेगी। राज्य में पिछड़ा वर्ग की करीब 139 जातियां हैं। यह जनगणना उन्हें संख्यात्मक ताकत देगी। पिछड़े वर्ग के समुदायों को विभिन्न क्षेत्रों में उनके प्रतिनिधित्व के स्तर के बारे में भी पता चलेगा।



**2. भारत किस वर्ष तक वैश्विक यात्रा पर सबसे बड़ा खर्च करने वाला चौथा देश बन जाएगा ?**

(A) 2024 (B) 2026
(C) 2027 (D) 2030

**(D)** भारत 2030 तक यात्रा क्षेत्र में चौथा सबसे बड़ा वैश्विक खर्च करने वाला देश बनने की ओर अग्रसर है, जिसका कुल व्यय उल्लेखनीय रूप से बढ़कर 410 बिलियन डॉलर होने की उम्मीद हैं। यह 2019 में पूर्व कोविड समय की तुलना में 173 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्शाता है, उस समय भारतीय यात्रियों ने कुल 150 बिलियन डॉलर खर्च किए थे, जिससे भारत छठे सबसे बड़े वैश्विक खर्चकर्ता के रूप में स्थान पर था।



**3. हाल ही में प्यूमा इंडिया ने किसे अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है ?**

(A) विराट कोहली (B) मोहम्मद शमी
(C) सुनील छेत्री (D) सूर्यकुमार यादव

**(B)** प्यूमा इंडिया ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अपने ब्रांड एंबेसडर की सूची में शामिल किया हैं। स्पोर्ट्स ब्रांड के पास ब्रांड एंबेसडरों की एक स्टार स्टडेड रोस्टर हैं जिसमें विराट कोहली, चैंपियन स्प्रिंटर उसेन बोल्ट, फुटबॉल स्टार नेमार जूनियर और सुनील छेत्री, मशहूर मुक्केबाज एमसी मैरी कॉम, क्रिकेटर हरमनप्रीत कौर और हरलीन देयोल और पैराशूट अवनि लेखरा शामिल है।




**4. हाल ही में कहां लोक कलाओं को समर्पित 11 दिवसीय लोकरंग महोत्सव आयोजित होगा ?**

(A) जयपुर (B) वाराणसी
(C) प्रयागराज (D) लखनऊ

**(A)** कला प्रेमी एक बार फिर लोक संस्कृति के रंग में रंगने को तैयार रहे। जवाहर कला केंद्र की ओर से देश की लोक कलाओं को समर्पित 11 दिवसीय लोकरंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। अक्टूबर उमंगः लोक संस्कृति संग थीम पर केंद्र में 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक 26वां लोकरंग आयोजित होगा।



**5. हाल ही में कहां पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का निर्माण किया जाएगा ?**

(A) चेन्नई (B) भोपाल
(C) इंदौर (D) गोरखपुर

**(D)** महाविद्यालय के परिसर का निर्माण कराने के लिए गोरखपुर में 80 एकड़ जमीन चिन्हित की जा चुकी हैं। इसके विशाल परिसर में हॉस्पिटल ब्लॉक, अकादमिक ब्लॉक, स्टाफ क्वार्टर और छात्रावास जैसी मूलभूत सुविधाएं होगी। इसके अलावा इसी परिसर में पशु चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी विभिन्न विधाओं के शोध अध्ययन केंद्रों की भी स्थापना की जाएगी।



**6. हाल ही में किसने हार्टलैंड त्रिपुरा परियोजना का उद्घघाटन किया है ?**



(A) राजीव चंद्रशेखरन (B) अमित शाह

(C) राजनाथ सिंह (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखरन ने युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने वाली परियोजना हार्टलैंड त्रिपुरा का उद्घघाटन किया और कहा कि यह निवेश आकर्षित करेगा और नौकरियां पैदा करेगा।

**7. हाल ही में आई पेंटागन की रिपोर्ट के अनुसार कौनसा देश तेजी से अपने परमाणु शस्त्रागार का विस्तार कर रहा है ?**




(A) रूस (B) भारत

(C) जापान (D) चीन

**(D)** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने चीन के परमाणु हथियार भंडार में तेजी से बढ़ोतरी पर नई रिपोर्ट जारी की हैं। कहा कि चीन अनुमान से ज्यादा तेजी के साथ परमाणु हथियार बना रहा हैं। रिपोर्ट के अनुसार चीन के पास इस समय 500 से ज्यादा परमाणु हथियार हैं और 2030 तक वह एक हजार से ज्यादा परमाणु हथियार बना लेगा।

**8. हाल ही में भारतीय सेना ने यूके में आयोजित 2023 कैंब्रियन गश्ती सैन्य अभ्यास में कौनसा पदक जीता ?**



(A) कांस्य पदक (B) रजत पदक

(C) स्वर्ण पदक (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** भारतीय सेना की 3/5 गोरखा राइफल्स ने ब्रिटेन के वेल्स में आयोजित 2023 कैंब्रियन गश्ती प्रतियोगिता जिसे मिलिट्री पेट्रोलिंग का ओलंपिक भी कहा जाता है, में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हैं। भारतीय सेना ने 2023 में प्रतिष्ठित कैंब्रियन गश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करके अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी असाधारण सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया।

**9. हाल ही में किसे राज्य कृषि मूल्य आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ?**



(A) पाशा पटेल (B) संजय पांडे

(C) अतुल करवाल (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** किसान नेता सैयद पाशा उस्मानसाहब पटेल उर्फ पाशा पटेल को राज्य कृषि मूल्य आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। श्री पटेल राज्य कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। उन्हें कृषि क्षेत्र में एक विद्वान नेता और किसानों के मुद्दों के उत्कृष्ट जानकार के रूप में जाना जाता है।

**10. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया है ?**



(A) राजस्थान (B) मध्यप्रदेश

(C) हिमाचल प्रदेश (D) छत्तीसगढ़

**(C)** हाल ही में हिमाचल प्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री को सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया हैं। आपदा में राज्य सरकार के प्रयासों को सराहा इससे पहले वर्ल्ड बैंक और नीति आयोग ने भी आपदा के दौरान बेहतर राहत एवं बचाव कार्यों के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रयासों की प्रशंसा की थी।